# टेक्सटाइल पार्क के लिए कंपनी चयन का टेंडर 10 अप्रैल को

- वर्धमान, रिलायंस व अरविंद मिल्स सहित कई बड़ी कंपनियों ने दिखाई रुचि

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में प्रदेश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क को स्थापित व विकसित करने के लिए कंपनी का चयन 10 अप्रैल को किया जाएगा। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग ने टेक्सटाइल पार्क को विकसित करने के लिए कंपनियों से 10 मार्च तक टेंडर मांगे थे, जिसकी तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। हालांकि पार्क को विकसित करने के लिए संबंधित कंपनियों के साथ टेंडर से पूर्व बैठक हो चुकी है।

प्रधानमंत्री मित्र टेक्सटाइल पार्क योजना के तहत मलिहाबाद के अटारी गांव में टेक्सटाइल व अपैरल पार्क को स्थापित करने के लिए औद्योगिक विकास विभाग ने वर्ष 2023 में काम शुरू किया था। 1,000 एकड़ में स्थापित किए जाने वाले इस टेक्सटाइल पार्क में सरकार को करीब 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। इससे करीब एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वर्धमान, रिलायंस व अरविंद मिल्स सहित कई बड़ी कंपनियां इस पार्क को विकसित करने के लिए आगे आई हैं। 10 को मास्टर डेवलपर कंपनी के चयन के बाद इसे विकसित करने की योजना पर आगे काम शुरू किया जा सकेगा। टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश के लिए बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू भी किए जा चुके हैं। प्रदेश को टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री वस्त्र परिधान योजना के तहत सरकार राज्य में दस नए टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना भी करेगी। यह टेक्सटाइल पार्क बाराबंकी, हापुड़, कानपुर, भदोही, संत कबीर नगर, मऊ, गोरखपुर, गाजियाबाद, हरदोई व मेरठ में स्थापित किए जाएंगे।